निवेश व निर्यात के लिए यूरोपीय देश के साथ बनेगा संयुक्त ग्रुप

ओडीओपी उत्पादों के लिए नीदरलैंड में मिलेगा बाजार

वर्चुअल संवाद

- प्रदेश सरकार से एमओयू को शीघ्र मूर्त रूप देने का आग्रह
- नीदरलैंड के ब्रांड एम्बेस्डर ने वर्चुअल संवाद में रखे विचार

लखनऊ | प्रमुख संवाददाता

नीदरलैंड निवेश व निर्यात को बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश के साथ ज्वाइंट वर्किंग ग्रुप बनाकर कार्य करेगा। नीदरैंड को उत्तर प्रदेश में फूड प्रोसेसिंग, इलेक्ट्रानिक, हेल्थ तथा रक्षा क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं नजर आ रही हैं। नीदरलैंड के एंबेस्डर मार्टिन वदवेन बर्ग ने गुरुवार को वर्चुअल संवाद के दौरान उपरोक्त बातें कही।

उन्होंने प्रदेश सरकार के साथ नीदरलैंड के प्रस्तावित एमओयू को शीघ्र मूर्त रूप दिए जाने में सहयोग देने का आग्रह किया। कहा कि नीदरलैंड खाद्य पदार्थों, डेयरी एवं फूलों का अग्रणी उत्पादक देश है। नीदरलैंड के साथ मिलकर यूपी फूड प्रोसेसिंग तथा हार्टीकल्चर के क्षेत्र में काम कर सकता है।

उन्होंने ओडीओपी उत्पादों को नीदरलैंड में बाजार मुहैया कराने में सहयोग देने का आश्वासन दिया। रक्षा क्षेत्र में निवेश कराने के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाने की जानकारी दी। आश्वस्त किया कि कोविड के कारण चीन से जो इकाईयां शिफ्ट हो रही है, उनको उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

एमएसएमई लगाने के लिए कई सुधार किए गए

प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निवेश एवं निर्यात प्रोत्साहन मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार के ओडीओपी कार्यक्रम को पूरे देश में सराहा जा रहा है। इस कार्यक्रम से जहां पारंपरिक कलाओं को प्रोत्साहन मिल रहा है, वहीं उत्तर प्रदेश से ओडीओपी उत्पादों का निर्यात हो रहा है। निवेश को बढ़ावा देने के लिए नई इलेक्ट्रानिक पालिसी भी बनाई गई है। निवेश एवं निर्यात को बढ़ाने के लिए नीदरलैंड के साथ ज्वाइंट वर्किंग ग्रुप बनाकर कार्य करने का प्रस्ताव दिया। अपर मुख्य सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निवेश एवं निर्यात प्रोत्साहन नवनीत सहगल ने कहा कि उत्तर प्रदेश तेजी से विकसित होती हुई अर्थव्यवस्था है। बेहतर रोड कनेक्टीविटी के लिए एक्सप्रेस-वे का जाल बिछाया जा रहा है।

Hindustan P-4 28/08/2020